केन्द्रीय रेशम बोर्ड
(वस्त्र मंत्रालय – भारत सरकार)
केरेबो कांप्लेक्स, बी.टी.एम. लेआउट,
मडिवाला, बेंगलूरू-560 068.

CENTRAL SILK BOARD
(Ministry Of Textiles - Govt. of India)
CSB Complex, B.T.M. Layout,
Madiwala, Bengaluru-560 068.

No.CSB-47(1)/2014-ES-I, Vol.II

Date : 12.05.2022

All Main Institutes / RO's & Independent units

Sir,

Sub : Nominations/Recommendations for 'Padma Awards' to be announced on Republic Day, 2023 – regarding.

*****

I am directed to enclose herewith a copy of Office Memorandum No.A-42011/ 20/2016-Estt dated 9th May 2022 received from the Under Secretary to the Govt. of India, Ministry of Textiles, New Delhi and a copy of Ministry of Home Affairs's D.O. letter No.1/12/2022-Public dated April 21st, 2022 regarding Nominations/ Recommendations for 'Padma Awards' to be announced on Republic Day, 2023. I request you to kindly circulate the above among all the Employees and to forward the nominations in hard copy to this office by 30.06.2022 for onward transmission to the Ministry of Textiles.

This issues with the approval of the Member Secretary.

Yours faithfully,

[S.Sampath ]
Assistant Director (A&A)

Encl. As above.

**केन्द्रीय रेशम बोर्ड**
(वस्त्र मंत्रालय – भारत सरकार)
केरेबो कांप्लेक्स, बी.टी.एम. लेआउट,
मडिवाला, बेंगलूरू–560 068.

**CENTRAL SILK BOARD**
(Ministry Of Textiles - Govt. of India)
CSB Complex, B.T.M. Layout,
Madiwala, Bengaluru-560 068.

सं-केरेबो-47(1)/2014-स्था-1,खंड -11

दिनांक 12.05.2022

सभी मुख्य संस्थान / क्षे.का. और स्वतंत्र इकाइयां

महोदय,

विषय : गणतंत्र दिवस, 2023 के अवसर पर पदम पुरस्कार घोषित करने हेतु नामांकन/अनुशंसा के संबंध में ।

****

कृपया गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पदम पुरस्कारों के लिए नामांकन/अनुशंसाओं के संबंध में मुझे इसके साथ अवर सचिव, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त कार्यालय ज्ञापन संख्या ए-42011/20/2016-स्था. दिनांक 9 मई 2022 तथा गृह मंत्रालय का अर्दध-शासकीय पत्र संख्या 1/12/2022-सार्वजनिक दिनांक 21 अप्रैल 2022 की एक प्रति संलग्न करने का निदेश हुआ है । अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त को सभी कर्मचारियों के बीच परिचालित करें और वस्त्र मंत्रालय को आगे भेजने के लिए 30.06.2022 तक नामांकन की मुद्रित प्रति इस कार्यालय को अग्रेषित करें।

यह सदस्य सचिव के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

भवदीय,

संपत

(एस.संपत)
सहायक निदेशक (प्र व ले)

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

पो.बा.सं / P.B. No. : 6825
वेबसाइट / Website :http://csb.gov.in
दूरभाष / Phone : +91-80-26282699
फैक्स / Fax : +91-80-26681511
ई–मेल / e-mail : ms.csb@nic.in

SILK MARK INDIA
Your Assurance of Pure Silk
सूचना का अधिकार
RIGHT TO INFORMATION
WILD SILKS OF INDIA
vanya
Eco Friendly Indian Silks

**No.A-42011/20/2016-Estt**
Government of India
Ministry of Textiles
****

Udyog Bhawan,
New Delhi.
9th May, 2022.

**OFFICE MEMORANDUM**

Subject: Nominations/Recommendations for 'Padma Awards' to be announced on Republic Day, 2023.

The undersigned is directed to forward herewith a copy of Home Affair's D.O. letter 1/12/2022-Public dated 21st April, 2022 on the above mentioned subject and to say that the nominations for Padma Awards may be sent to this Ministry in hard copy by 9th July, 2022.

2. It is requested to adhere the given time line strictly.

09/05/2022

(Jayashree Sivakumar)
Under Secretary to the Govt. of India
Tel: 23062256

Encl.: As above

To,

1. DC (Handloom).
2. DC (Handicrafts).
3. Textile Commissioner, Mumbai.
4. Jute Commissioner, Kolkata.
5. All Heads of PSUs/Autonomous and Statutory Bodies.

आर के सिंह
संयुक्त सचिव
R K SINGH
JOINT SECRETARY

सत्यमेव जयते

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
नॉर्थ ब्लाक, नई दिल्ली-110001
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA
NORTH BLOCK, NEW DELHI-110001

**D.O. No. 1/12 /2022-Public**

**April 21st, 2022**

Respected Sir/Madam,

The Padma Awards, namely, Padma Vibhushan, Padma Bhushan and Padma Shri, are amongst the highest civilian awards of the country. Instituted in 1954, these Awards are announced on the occasion of the Republic Day every year. The award seeks to recognize 'work of distinction' and is given for distinguished and exceptional achievements/service in all fields/disciplines, such as, Art, Literature and Education, Sports, Medicine, Social Work, Science and Engineering, Public Affairs, Civil Service, Trade and Industry etc. All persons without distinction of race, occupation, position or sex are eligible for these Awards.

2. It is the convention to invite nominations for these Awards from all Ministries/ Departments of the Government of India as also from several other sources to enable broad-based consideration.

Secretary (Textiles)
Diary No. 375560
Date 27/4/22

3. The nominations/recommendations for the Padma Awards will be received only on the online portal https://awards.gov.in designed for this purpose. The nominations/recommendations should contain all relevant details specified in the format available on the above portal, including a citation in narrative form (maximum 800 words), clearly bringing out the distinguished and exceptional achievements/service of the person recommended in his/her respective field/discipline. While recommending a person online, it should be ensured that all the necessary details are properly filled. The steps to be taken for making online recommendations are available on above said website https://awards.gov.in . A copy of the statutes and rules governing these Awards is also available on the web-site: https://padmaawards.gov.in .

4. It has been observed in the past that while nominations are received in respect of a large number of persons; there could, however, be several talented persons who are left out of consideration despite exceptional contribution in their field. Often many such persons may get overlooked primarily for the reason that they may not seek publicity or attention in the public domain. It is, therefore, requested to make concerted efforts in identifying such persons whose excellence and achievements deserve to be recognized and make suitable nominations in their favour. It goes without saying that recognition of such deserving persons will only add to the prestige of these Awards.

5. In the above background, I request you to kindly send suitable nominations for the Padma Awards to be announced on the occasion of Republic Day, 2023. While finalizing recommendations, the following points may be kept in view:-

(i) Persons recommended are pre-eminently worthy of the Awards, looking at their life-time achievement. The criteria for selection should invariably be 'excellence plus' and the highest standards should be applied while recommending persons

TEL. : 23094927 FAX : 23094927 E-mail : js.police1@mha.gov.in

for these awards. The existence of an element of public service in the achievements of the person recommended for the award would be a desirable factor.

(ii) As the Padma Award is the second highest civilian award of the country, it should also be considered whether the recommended person has earlier been given any National award or a State award in his/her respective field.

(iii) Efforts may be made to identify talented persons from amongst women, weaker sections of the society, SCs & STs, divyang persons, etc., who deserve to be considered for the award.

(iv) The decoration is normally not conferred posthumously. However, in highly deserving cases, Government could consider giving an award posthumously if the demise of the person proposed to be honoured has been recent, say within a period of one year preceding the Republic Day on which it is proposed to announce the award.

(v) A higher category of Padma Award can be considered in respect of a person who has earlier been conferred an award, provided a period of at least five years has elapsed. However, in exceptionally deserving cases, a relaxation can also be considered.

(vi) Government servants including those working with PSUs, except Doctors and Scientists, are not eligible for Padma Awards.

6. The online nominations/recommendations for the Padma Awards will begin from **May 1st, 2022** and the last date for nominations is **September 15th, 2022**. The cut-off date may please be strictly adhered to as nominations/recommendations received only during 1st May, 2022 to 15th September, 2022 will be considered. **It may also be noted that the nominations/recommendations received through online mode only will be considered.**

With regards,

Yours sincerely,

**(R.K. Singh)**

**To,**
**Shri Upendra P Singh,**
Secretary,
Ministry of Textiles,
Udyog Bhawan,
New Delhi.

375560/2022/Office of Secretary(T)

आर के सिंह
संयुक्त सचिव
R K SINGH
JOINT SECRETARY

सत्यमेव जयते

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
नॉर्थ ब्लाक, नई दिल्ली-110001
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA
NORTH BLOCK, NEW DELHI-110001

**अ.शा. सं. 1/12/2022-पब्लिक** **अप्रैल 21, 2022**

आदरणीय महोदय/महोदया ,

पद्म पुरस्कार, अर्थात्, पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार हैं। 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। इस पुरस्कार में "उत्कृष्ट कार्य" को मान्यता प्रदान की जाती है और इसे सभी क्षेत्रों/विषयों जैसे कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरी, सार्वजनिक मामलों, नागरिक सेवा, व्यापार और उद्योग आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। कोई भी व्यक्ति, किसी जाति, व्यवसाय, हैसियत या लिंग के भेदभाव के बिना, इन पुरस्कारों के पात्र है।

2. इन पुरस्कारों के लिए भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के साथ-साथ अनेक अन्य स्रोतों से भी नामांकन आमंत्रित करने की परंपरा है ताकि इन पर व्यापक विचार-विमर्श किया जा सके।

3. पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन/सिफारिशें केवल ऑनलाइन पोर्टल https://awards.gov.in पर स्वीकार की जाएंगी जिसे इसी उद्देश्य के लिए डिज़ाइन किया गया है। नामांकन/सिफारिश में अनुशंसित व्यक्ति की उससे संबन्धित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए विवरणात्मक रूप में प्रशस्ति पत्र (अधिकतम 800 शब्द) सहित उपर्युक्त पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में उल्लिखित सभी प्रासंगिक जानकारी दी जानी चाहिए। किसी व्यक्ति की ऑनलाइन सिफारिश करते समय, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी आवश्यक विवरण ठीक से भरे गए हैं। **ऑनलाइन सिफारिश करने की क्रमवार प्रक्रिया उपर्युक्त वेबसाइट https://awards.gov.in पर बताई गई है।** इन पुरस्कारों से संबंधित विधान और नियमावली वेबसाइट https://padmaawards.gov.in पर भी उपलब्ध है।

4. अतीत में देखा गया है कि बड़ी संख्या में व्यक्तियों के संबंध में नामांकन प्राप्त होते हैं; लेकिन असाधारण योगदान के बावजूद कई प्रतिभाशाली व्यक्तियों के नाम पर विचार नहीं किया जाता है। ज्यादातर ऐसे लोगों की मुख्य रूप से इस कारण से अनदेखे रहने की संभावना रहती है कि उन्हें अपने सार्वजनिक जीवन में प्रचार या प्रमुखता की आकांक्षा नहीं रहती है। इसलिए, अनुरोध है कि ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने के पूरे प्रयास किए जाएं जिनका उत्कृष्ट प्रदर्शन और उपलब्धियां सम्मान योग्य हैं, और उनका उपयुक्त नामांकन किया जाए। यह उल्लेख करना आवश्यक है कि ऐसे योग्य व्यक्तियों के सम्मान से इन पुरस्कारों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

5. उपर्युक्त पृष्ठभूमि में, मैं अनुरोध करता हूं कि कृपया गणतंत्र दिवस, 2023 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार के लिए उपयुक्त नामांकन प्रेषित करें। सिफारिशों को अंतिम रूप देते समय, निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखा जाना चाहिए: -

(i) जिन व्यक्तियों की सिफारिश की गई है, उनकी जीवनभर की उपलब्धि को देखते हुए, वे इस पुरस्कार के सर्वथा योग्य हों। चयन के लिए मानदंड अनिवार्य रूप से 'अत्यंत उत्कृष्ट' होना चाहिए और इन पुरस्कारों के लिए व्यक्तियों की सिफारिश करते समय उच्चतम मानदंडों के आधार को अपनाना चाहिए। पुरस्कार के लिए अनुशंसित व्यक्ति की उपलब्धियों में सार्वजनिक सेवा एक वांछनीय घटक होगा।

TEL. : 23094927 FAX : 23094927 E-mail : js.police1@mha.gov.in

(ii) चूंकि पद्म पुरस्कार देश का दूसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है, इसलिए यह भी विचारकिया जानाचाहिए कि क्या अनुशंसित व्यक्ति को इससे पहले उनके संबंधित क्षेत्र में किसी राष्ट्रीय पुरस्कार या राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है अथवा नहीं।

(iii) इन पुरस्कारों के लिए महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, जैसे अनुसूचित जातियों और जनजातियों, दिव्यांग व्यक्तियों, आदि में से ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों की पहचान करने के प्रयास किए जाएं जो पुरस्कार के लिए विचार किए जाने के हकदार हैं।

(iv) **यह पुरस्कार आमतौर पर मरणोपरांत नहीं दिया जाता है। तथापि, अत्यंत पात्र मामलों में, सरकार मरणोपरांत पुरस्कार देने पर विचार कर सकती है, यदि सम्मानित किए जाने वाले व्यक्ति का निधन हाल ही के उस गणतंत्र दिवस से पहले एक वर्ष की अवधि के भीतर हुआ हो, जिस पर पुरस्कार की घोषणा किए जाने का प्रस्ताव है।**

(v) उच्चतर श्रेणी के पद्म पुरस्कार के लिए उस व्यक्ति के बारे में भी विचार किया जा सकता है जिन्हें यह पुरस्कार पहले प्रदान किया गया हो, बशर्ते इस बीच कम से कम पांच साल की अवधि बीत गई हो। हालांकि, असाधारण रूप से पात्र मामलों मेंछूट देने पर भी विचार किया जा सकता है।

(vi) डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को छोड़कर, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में काम करने वाले व्यक्तियों सहित सरकारी सेवक, पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं।

6. पद्म पुरस्कार के लिए ऑनलाइन नामांकन/सिफारिश का कार्य **1 मई, 2022** से शुरू होगा और नामांकन की अंतिम तिथि **15 सितम्बर, 2022** है । अंतिम तिथि का सख्ती से पालन किया जाए क्योंकि 1 मई, 2022 से 15 सितम्बर, 2022 के बीच प्राप्त नामांकनों पर ही विचार किया जाएगा। **यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि केवल ऑनलाइन प्राप्त नामांकन/सिफारिशों पर ही विचार किया जाएगा।**

सादर,

भवदीय,

**(आर. के. सिंह)**

**सेवा में,**
**भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों के सचिव,**
**(संलग्न सूची के अनुसार)**